हिन्दी पाक्षिक

# सेमन्या कणवघाटी

RNI No.: UTTHIN/2013/54659

वर्ष-11 अंक-07 हरिद्वार, गुरूवार, 15 फरवरी, 2024 मूल्य-दो रूपया मात्र पृष्ठ-8

## गडकरी ने 4750 करोड़ की 30 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

हरिद्वार,ब्यूरो। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को पावन धाम के निकट आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों के लोकार्पण शिलान्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तीन किलोमीटर लम्बे दूधाधारी एलिवेटेड फ्लाई ओवर का लोकार्पण तथा श्यामपुर रेलवे फाटक के निकट वैली ब्रिज के साथ 04 लेन चौड़ीकरण एवं कॉजवे के निर्माण का शिलान्यास सहित 4750 करोड़ रूपये की लागत के 30 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने इस अवसर पर हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण की 409 लाख रूपये की लागत की दो परियोजनाओं-हरिद्वार में ऊंची शिवमूर्ति के समीप केबल ब्रिज पर डायनमिक स्थाई फसाड विद्युत सौन्दर्यीकरण का कार्य व शंकराचार्य चौक के समीप स्पोर्ट्स जोन का विकास एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य का उद्घाटन किया।



केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि श्यामपुर फाटक आरओबी आदि का तीन महीने के अन्दर टेण्डर निकाल कर कार्य प्रारम्भ कर देंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में वर्ष 2016 में 2 हजार 517 किमी राष्ट्रीय मार्ग था जो वर्ष 2024 में बढ़कर 3608 किमी पहुंच गयी है। उन्होंने कहा कि हमने उत्तराखण्ड में 16 हजार करोड़ रूपये के रोपवे मंजूर किये हैं। उत्तराखण्ड में जो भी सड़कें बनेंगी, वे राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की होंगी। उन्होंने घोषणा कि त्यूनी-चकराता-मसूरी-टिहरी-मलेठा तीन हजार करोड़ की लागत से 315 किमी टू लेन 2024 तक बन जायेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं न केवल परिवहन को आसान बनाएंगी बल्कि ऋषिकेश से भारत-चीन सीमा तक बेहतर कनेक्टिविटी भी प्रदान करेंगी। फ्लाईओवर से धार्मिक नगरी हरिद्वार में ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी और अन्य धार्मिक स्थलों तक पहुंचना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज जिन 28 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है, उनके निर्माण से उत्तराखंड विकास की तेज गति हासिल करेगा। चारधाम मार्गों पर श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम होगी। उत्तराखंड की अन्य राज्यों से कनेक्टिविटी बढ़ने से आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन करते हुये कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में सड़कों आदि के क्षेत्र में अनेक काम उत्तराखण्ड में होने के साथ ही पूरे देश में कनेक्टविटी के क्षेत्र में एक क्रान्ति आई है। उन्होंने कहा कि मानव सभ्यता की यात्रा के लिये सड़कों का निर्माण अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिसकी वजह से सभी की यात्रा अब सुगम होती जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री से प्रेरणा पाकर और उनके ही मार्गदर्शन में, उत्तराखंड में भी विकास के एक नए युग का सूत्रपात हो चुका है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेकों कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश में हर स्तर पर कनेक्टिविटी को सुधारा जा रहा है, उद्योगों के विकास पर बल दिया जा रहा है और भविष्य की आवश्यकताओं को केंद्र में रख कर नीतियां बनाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे शहर अब तेजी से आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बन रहे हैं और इसी के दृष्टिगत हम निरंतर अपने शहरों को भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं। युवा उत्तराखंड अब एक नए जोश और एक नई उमंग के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है और हम उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए अपने विकल्प रहित संकल्प को लेकर निरन्तर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हम इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का देश के सामाजिक एवं सामरिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान है, क्योंकि मानव सभ्यता की यात्रा के लिए सड़कों का निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में एक महत्वाकांक्षी परियोजना प्रारंभ करना और उसे समय पर पूरा करना एनएचएआई के लिए एक सामान्य बात बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका काम सिर्फ सड़कें, ओवरब्रिज, अंडर पास बनाकर एक जगह को दूसरी जगह से जोड़ना नहीं है, बल्कि आपको अपने कार्यों से लोगों के दिलों को भी जोड़ना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा मानना है कि निर्माण ऐसा होना चाहिए जो जनता के लिए, जनता का और जनता द्वारा की भावना से प्रेरित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि मैं, कहूँ कि एनएचएआई आज सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास हेतु एक मजबूत स्तंभ बन चुका है तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आज ही 47 सौ करोड़ रुपए लागत की 28 परियोजनाओं का भूमि पूजन और 2 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद उत्तराखंड विकास पथ पर अग्रसर होने के साथ ही देवभूमि की तरह ही डेवलप भूमि कहलायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले हरिद्वार से देहरादून जाने में ढाई से तीन घण्टे का समय लगता था, परन्तु अब यही समय घटकर 45 से 50 मिनट हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देशभर में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा उत्तराखण्ड भी प्रधानमंत्री द्वारा जलाए गए विकास के दीप से निरंतर प्रकाशमान हो रहा है। राज्य में चारधाम ऑल वेदर सड़क परियोजना के एक बड़े हिस्से का निर्माण हमने पूरा कर लिया है जिससे हम श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बना पाए हैं। छोटा राज्य होने के बावजूद उत्तराखण्ड में आज 21 हाईवे और 69 स्टेट हाईवे हैं। प्रदेश में सड़कों की दशा में पहले से अद्भुत सुधार हुआ है, जहां एक ओर भारत माला परियोजना के तहत उत्तराखण्ड में 5 महत्वपूर्ण योजनाएं चल रही हैं, वहीं ऑल वेदर रोड प्रोजेक्ट से चारोंधाम बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री की यात्रा लगातार सुगम होती जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली देहरादून एलिवेटेड एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है और इस एक्सप्रेस वे के बनने से देश की राजधानी से उत्तराखंड की राजधानी पहुंचने का समय भी महज ढाई घण्टे हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नितिन गडकरी के नेतृत्व में देश में 38 से 39 किलोमीटर सड़क का निर्माण प्रतिदिन होना यह दर्शाता है कि किस तरह देशभर में रोड कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है। यदि उत्तराखंड की बात करें तो हम प्रतिदिन 4.14 किमी सड़क का निर्माण कर रहे हैं।

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री व सांसद हरिद्वार डॉ0 रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व कैबिनेट मंत्री व नगर विधायक मदन कौशिक ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में खासतौर पर कनेक्टिविटी के क्षेत्र में हुये अभूतपूर्व चहुंमुखी विकास पर विस्तृत प्रकाश डाला।

## मृतका मनीषा का शव हुआ बरामद

**देहरादून ( संवाददाता )।** 7-2-24 को दुर्घटना की फर्जी सूचना देने वाले के विरुद्ध थाना कोत0 मंगलौर पर हत्या का अभियोग दर्ज कर अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया था तथा मृतका मनीषा की शव की तलाश हेतु घटना के दिन से ही स्थानीय पुलिस , एसडीआरएफ, पीएसी, तैराक दल की कम्पनी लगी हुई थी तथा लगातार सर्च करते हुए विभिन्न पहलुओं पर कार्यवाही कर रही थी । कड़ी मस्कत के बाद पुलिस टीम की लगातार कार्रवाई से मृतका मनीषा पत्नी अतेन्द्र निवासी ग्राम झडाका थाना हस्तिनापुर का शव नसीपरपुर नहर मे बरामद करते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई ।

## राज्यसभा उम्मीदवार घोषित होने पर महेंद्र भट्ट का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**देहरादून ( संवाददाता )।** राज्यसभा उम्मीदवार बनने की घोषणा के बाद राजधानी पहुंचने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने उच्च सदन में जाने का अवसर प्रदान करने के लिए पीएम मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा समेत सभी शीर्षथ नेताओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में कहा, यह मेरा ही नही बल्कि राज्य के लाखों कार्यकर्ताओं का सम्मान है। जो भरोसा पार्टी नेतृत्व ने मुझ पर राजसभा उम्मीदवार घोषित कर जताया है, आप सभी के सहयोग और प्रदेशवासियों के आशीर्वाद से स्वयं को उसपर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। गृह जनपद चमोली से यमुना कालोनी कालोनी स्थित अपने आवास पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमाला पहनाकर जबरदस्त स्वागत किया गया। इस दौरान सभी लोगों ने पीएम मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा, सीएम धामी और प्रदेश अध्यक्ष भट्ट के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। पार्टी पधाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपने प्रदेश अध्यक्ष के प्रत्याशी बनाए जाने पर जश्न मनाया। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चैहान, युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, राजेंद्र नेगी, सुभाष बड़थ्वाल, राजीव तलवार, जोत सिंह बिष्ट, अनूप रावत एवं महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल के साथ बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 18 मई को खुलेंगे चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट

**चमोली, ब्यूरो।** पंच केदारों में से चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट इस वर्ष 18 मई को ग्रीष्मकाल के लिए खोले जाएंगे। बसंत पंचमी के पर्व पर गोपीनाथ मंदिर में पुजारियों, हक-हकूक धारियों और मंदिर समिति के पदाधिकारियों के सम्मुख पंचांग गणना के आधार पर कपाट खुलने की तिथि निर्धारित की गई। गोपीनाथ मंदिर में प्रात: कालीन पूजा के बाद 10 बजे मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में रुद्रनाथ मंदिर के पुजारी वेद प्रकाश भट्ट व अन्य हक-हकूक धारियों की उपस्थिति में पंचांग गणना के आधार पर तिथि निर्धारित की गई। उन्होंने बताया कि कपाट खुलने की प्रक्रियाओं के तहत भगवान रुद्रनाथ की चल विग्रह मूर्ति 14 मई 2024 पूजा अर्चना के बाद गोपीनाथ मंदिर के गर्भगृह से मंदिर परिसर में लाई जाएगी। जहां से 16 मई को भगवान रूद्रनाथ की चल विग्रह डोली रुद्रनाथ के लिए प्रस्थान करेगी। जिसके बाद 18 मई को विधि विधान से मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए खोल दिए जाएंगे।



## सम्पादकीय

### स्वास्थ्य पर विचारों का प्रभाव

हमारी जिंदगी उतार-चढ़ावों से भरी होती है। और हम सब सोचते हैं कि यदि अवसर मिलता तो एक बढ़िया और नेक काम करते। लेकिन हमारी बढ़िया या नेक काम करने की इच्छा अधूरी ही रहती है क्योंकि अक्सर जब हम जिंदगी के बुरे दौर से गुजरते हैं, तब उससे निकलने और जब अच्छे दौर में होते हैं, तब उस स्थिति को बरकरार रखने में जिन्दगी बिता देते हैं। लेकिन हमें कुछ विलक्षण एवं अनूठा करने के लिये समझौतावादी नहीं होना चाहिए, समय के साथ साथ परिस्थितियां बदल जाती हैं, लेकिन वास्तव में उन्हें आपको स्वयं ही बदलना होता है। सचाई यही है कि हर इंसान के लिये जिन्दगी हर पल एक नया अवसर होती है। प्रश्न उठता है कि अच्छाई, ईमानदारी और आदर्श आदि उदात्त गुणों के निर्वाह से हमारे चेहरे पर सकारात्मक भाव क्यों और कैसे प्रकट हो जाते हैं? क्या इन भावों का हमारे स्वास्थ्य और विचारों से भी कोई संबंध है? अपने बीते हुए दिनों और घटनाओं पर जरा नजर डालिए। आपने भी अपने जीवन में कई बार इन अच्छाइयों का परिचय दिया होगा। उस समय आपकी मनोदशा कैसी थी और उस मनोदशा का आपके स्वास्थ्य और विचारों पर क्या प्रभाव पड़ा था? निश्चित ही आपका उत्तर सकारात्मक होगा क्योंकि आप या तो इस बात पर सिर धुन सकते हैं कि गुलाब में कांटे हैं या इस पर खुश हो सकते हैं कि कांटों से भी गुलाब खिलते हैं। जब भी हम ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करते हैं, किसी की मदद करते हैं अथवा कोई अच्छा कार्य करते हैं, तो उससे अपने भीतर हम अपार संतोष महसूस करते हैं। तब वही भाव हमारे चेहरे और विचारों पर भी झलकने लगता है। इससे हमारे पूरे व्यक्तित्व में एक सकारात्मक परिवर्तन होता है। संतुष्टि और आनंद की अवस्था में व्यक्ति तनावमुक्त रहता है और इसलिए स्वस्थ रहता है। यह अवस्था मनुष्य के अच्छे स्वास्थ्य के साथ-साथ एक सफल एवं सार्थक जीवन की परिचायक है। हमारे जीवन का उस दिन अंत होना शुरू हो जाता है जिस दिन हम उन विषयों के बारे में चुप रहना शुरू कर देते हैं जो मायने रखते हैं।

## भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के पुख्ता उपाय : सुक्खू

शिमला । मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां कहा कि नवगठित हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग अपने कामकाज व कार्यप्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और ग्रुप-सी पदों की भर्ती परीक्षाओं के संचालन के लिए ठोस उपाय सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता नीति अपनाई है और भर्ती प्रक्रिया में योग्यता को प्राथमिकता प्रदान करने के साथ-साथ भ्रष्ट आचरण पर रोक लगाने के उद्देश्य से चयन प्रक्रिया में उल्लेखनीय बदलाव किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयोग अन्य राज्यों के समक्ष एक अनुकरणीय उदाहरण स्थापित करेगा। हाल ही में प्रदेश मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग के संदर्भ में प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियम बनाने को स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कम से कम मानवीय हस्तक्षेप सुनिश्चित करते हुए कम्प्यूटर के माध्यम से स्वचालित प्रक्रिया द्वारा प्रश्न-पत्र सेट किए जाएंगे। पात्र उम्मीदवारों को एक बार पंजीकरण की सुविधा प्रदान की जाएगी और इसके उपरांत वे विभिन्न रिक्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत अभ्यार्थी को आयोग के डैशबोर्ड पर रिक्तियों सम्बंधी विभिन्न अधिसूचना एवं विज्ञापन भी उपलब्ध होंगे।आवेदन प्राप्त होने के उपरांत आयोग आवेदन-पत्रों की जांच कर उनकी यूजर आईडी के आधार ई-एडमिट कार्ड तैयार करेगा। उम्मीदवार यह ई-एडमिट कार्ड आसानी से डाउनलोड कर सकेंगे। अभ्यार्थी बार कोड और बायोमीट्रिक स्कैनिंग के माध्यम से ई-एडमिट कार्ड के सत्यापन के उपरांत ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश कर पाएगा। राज्य चयन आयोग ऑनलाइन कंप्यूटर प्रक्रिया के माध्यम से सी.सी.टी.वी. कैमरे की निगरानी में लिखित वस्तुनिष्ठ प्रकार की छंटनी परीक्षा आयोजित करने का निर्णय ले सकता है। उम्मीदवारों की सुविधा के लिए सामान्य पात्रता परीक्षा या कम्प्यूटर आधारित टेस्ट आयोजित करवाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त उम्मीदवारों को परीक्षा पैटर्न से परिचित करवाने के लिए ऑनलाइन अभ्यास लिंक भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व सरकार ने राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया और प्रश्न-पत्रों की खरीद-फरोख्त के आरोपों के कारण तत्कालीन हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग को भंग कर दिया गया था। सतर्कता जांच के दौरान आयोग के कामकाज में भ्रष्टाचार के संकेत मिले थे। उन्होंने कहा कि अब वर्तमान प्रदेश सरकार युवाओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित करते हुए स्वच्छ एवं पारदर्शी प्रशासन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों में से 1 सीट का दिया ऑफर



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक हुई. आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्टी में गठबंधन से इतर आप ने गोवा साउथ और गुजरात की दो सीटों पर प्रत्याशियों का नाम का ऐलान कर दिया. साथ ही दिल्ली की सात लोकसभा सीटों को लेकर भी आप ने कांग्रेस को एक सीट का ऑफर दिया है और पंजाब को लेकर भी स्थिति साफ कर दी. बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता संदीप पाठक ने कहा कि हमलोग गठबंधन के साथ हैं, लेकिन अभी तक सीट को लेकर कोई बात तय नहीं हुई. इसमें देरी हो रही है. आज पार्टी ने दिल्ली में कांग्रेस को एक सीट और 6 सीट पर आप प्रत्याशी को उतारने का फैसला लिया है. हालांकि कौन सी एक सीट कांग्रेस को दिया जाएगा इसे उन्होंने स्पष्ट नहीं किया है. इसके अलावे साउथ गोवा सीट और गुजरात की 2 सीटों पर आप ने उम्मीदवार उतारने का फैसला लिया है. इसकी उन्होंने जानकारी साझा की.

संदीप पाठक ने कहा कि, इंडिया गठबंधन में हम इसलिए आएं क्योंकि हमारी एक ही सोच थी कि देश के बारे में सोचना है. हमें अपनी पार्टी के बारे में नहीं सोचा है. हम पूरी ताकत से पूरी लगन से इस गठबंधन के साथ हैं. इस गठबंधन को सफल बनाने के लिए जो कुछ भी संभव होगा हम पूरी ताकत से इसमें सहयोग करेंगे. लेकिन यह समझे कि इंडिया गठबंधनका उद्देश्य क्या है? उद्देश्य है चुनाव लड़ना चुनाव जीतना और देश को एक नया विकल्प देना और चुनाव लड़ना और जितना. लेकिन कांग्रेस इसमें देरी कर रही है.

संदीप पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर दो बार शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक हुई थी. एक 8 जनवरी को दूसरी बार 12 जनवरी को. सभी बातों पर चर्चा हुई लेकिन निष्कर्ष कुछ नहीं निकला. पिछले एक महीने में कोई भी मीटिंग नहीं हुई. इस तरह से चुनाव जीतना तो मुश्किल हो जाएगा.

गोवा में 1 उम्मीदवार उतारा- संदीप पाठक ने कहा कि साउथ गोवा से आम आदमी पार्टी की तरफ से बेंजी बेगा लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार होंगे. मैं उम्मीद करता हूं कि इंडिया गठबंधन इसका समर्थन करेगी. विधानसभा चुनाव में साउथ गोवा में आम आदमी पार्टी के दो विधायक जीते थे. गोवा में कांग्रेस के तीन विधायक हैं दो साउथ गोवा और एक नॉर्थ गोवा में हैं. इस हिसाब से यदि साउथ गोवा में देखा जाए तो कांग्रेस की एक और आम आदमी पार्टी के दो विधायक हैं. स्वाभाविक रूप से आम आदमी पार्टी को एक सीट मिलनी चाहिए. इसीलिए विनिंग प्रोस्पेक्टस को ध्यान में रखते हुए आम आदमी पार्टी ने लोकसभा उम्मीदवार की घोषणा की है.

गुजरात मे उतारे 2 उम्मीदवार- गुजरात में आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए दो उम्मीदवारों को उतारा है. इनमें से एक भरूच लोकसभा सीट से चैतर बसवा और दूसरे लोकसभा सीट भाव नगर से उमेश मकवाना हैं. संदीप पाठक ने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि इंडिया एलियांस इसे स्वीकार करेगी. हम खूब मेहनत करके जीत हासिल करेंगे. गुजरात विधानसभा चुनाव में पांच सीट आम आदमी पार्टी ने जीती थी. 13 प्रतिशत वोट शेयर मिला था. कांग्रेस पार्टी की 17 सीट आई थी. 27 प्रतिशत वोट शेयर मिला था.

इस हिसाब से देखा जाए तो आम आदमी पार्टी को वन थर्ड सीट मिलनी चाहिए और कांग्रेस को टू थर्ड सीट मिलनी चाहिए. इस हिसाब से आम आदमी पार्टी की 8 सीट बनती है. आज तो 2 सीटों पर हमने उम्मीदवार की घोषणा कर दी, बाकी 6 सीट पर कुछ दिन बाद हम विचार करके उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की करेंगे. कांग्रेस पार्टी 18 सीट पर चुनाव लड़े और आम आदमी पार्टी को 8 सीट पर चुनाव लड़े. भरूच सीट पर हमारी बात हुई थी तो कांग्रेस ने कहा था कि यह इमोशनल सीट है. यहां पर अहमद भाई चुनाव लड़ा करते थे लेकिन अब उनकी बेटी चुनाव लड़ेंगी लेकिन हमने डाटा निकाला तो 1977 से 1991 तक कांग्रेस ने चुनाव लड़ा लेकिन 1984 में आखिरी बार कांग्रेस पार्टी ने चुनाव जीता था.

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 55 प्रतिशत वोट शेयर मिले थे और कांग्रेस पार्टी को 26 प्रतिशत वोट मिले थे. 40 साल से कांग्रेस यहां हार रही है. संदीप पाठक ने कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी को हराना है तो परिवारवाद से बाहर आना पड़ेगा. आज भरूच विधानसभा के लोग चाहते हैं कि चैतर बसवा उनके कैंडिडेट हों. वही इस सीट से भारतीय जनता पार्टी को हरा सकते हैं. संदीप पाठक ने कहा कि अहमद की बेटी मुमताज दिल्ली में रहती है और उनकी कोई राजनीतिक पकड़ भी नहीं है.

दिल्ली में आम आदमी पार्टी 6 और कांग्रेस एक सीट पर चुनाव लड़े- संदीप पाठक ने कहा कि दिल्ली के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीरो सीट है. विधानसभा चुनाव में भी जीरो सीट है एमसीडी के चुनाव में 250 में से 9 सीट कांग्रेस की है. इसके अनुसार दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की एक भी सीट नहीं बन रही है, लेकिन डाटा इंपॉर्टेंट नहीं है. इंडिया एयरलाइंस का मान रखते हुए हम कांग्रेस को दिल्ली में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए एक सीट ऑफर करते हैं. कांग्रेस पार्टी एक सीट पर चुनाव लड़े और आम आदमी पार्टी 6 सीट पर दिल्ली में लोकसभा चुनाव लड़ेगी. आज हम दिल्ली के उम्मीदवारों की घोषणा नहीं कर रहे हैं. लेकिन उम्मीद करते हैं कि जल्द ही इस परिपेक्ष में बातचीत शुरू हो और निष्कर्ष निकाले. यदि जल्द निष्कर्ष नहीं निकलता है तो आम आदमी पार्टी 6 सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगी.

हरियाणा व चंडीगढ़ में सीट बंटवारे की होगी बात- संदीप पाठक ने कहा हरियाणा और चंडीगढ़ में भी बातचीत होनी चाहिए और जल्द हल निकालना चाहिए, जिस समय से उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर चुनाव की तैयारी की जा सके. पंजाब में हमने पहले ही स्पष्ट किया है कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस अलग-अलग लोकसभा चुनाव लड़ेगी.

## हिमाचल को आर्थिक रूप से मजबूत राज्य बनाना मुख्यमंत्री का सपना सुनील शर्मा

हमीरपुर । मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) हमीरपुर के सभी पदाधिकारियों, सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्यों तथा कांग्रेस पदाधिकारियों से अपील की है कि वे प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि पात्र एवं जरुरतमंद लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। सोमवार को एपीएमसी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय शर्मा के कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान सुनील शर्मा बिट्टू ने यह अपील की। अजय शर्मा की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का धन्यवाद करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी दूरगामी सोच से हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए सराहनीय नीतिगत फैसले ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2032 तक आत्मनिर्भर, विकसित और अग्रणी राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री ग्रीन एनर्जी, हाइड्रो प्रोजेक्ट, सौर ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नई शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि-बागवानी और इनसे जुड़े विभिन्न क्षेत्रों पर प्रदेश सरकार विशेष रूप से फोकस कर रही है।

# ऋषिकुल मैदान में नारी शक्ति महोत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विशाल जनसभा को किया संबोधित

**हरिद्वार ( संवाददाता )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को ऋषिकुल मैदान हरिद्वार में नारी शक्ति महोत्सव



कार्यक्रम में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने हरिद्वार जनपद के लिए 1168 करोड़ रूपये की लागत के 158 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वनभूलपुरा अतिक्रमण वाले स्थल पर पुलिस और अन्य संस्थान खोले जायेंगे। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार के शहरी क्षेत्र की सम्पूर्ण सीवरेज व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए जर्मन बैंक की मदद से 523 करोड़ की स्वीकृत परियोजना, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, पर्यटक स्थलों के विकास, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कार्यों का आज शिलान्यास किया। इन योजनाओं से हरिपुरकलां, भूपतवाला, भीमगोडा, हरकी पैड़ी, मायापुर, कनखल, ऋषिकुल, ज्वालापुर, आवास विकास कॉलोनी, गोविन्दपुरी, जगजीतपुर सहित अन्य क्षेत्रों को सीवरेज सहित पेयजल, पार्किंग आदि की समस्या से निजात मिल सकेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसी समाज या राज्य की रीढ़, उसकी सशक्त महिलाएं ही हैं, अगर किसी राज्य की नारी शक्ति प्रगति कर रही है तो उस राज्य का विकास सुनिश्चित है। उत्तराखण्ड राज्य के निर्माण में राज्य की महिलाओं का विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए अनेक प्रयास हुए हैं। उत्तराखण्ड में भी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही 'मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना', मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना और पोषण अभियान जैसी योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों को उन्नत रूप से विकसित करते हुए भविष्य के नौनिहालों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट तारा की शुरुआत करने के लिए हरिद्वार जिला प्रशासन की सराहना की। इस प्रोजेक्ट के अन्तर्गत 150 आंगनबाड़ी केन्द्रों को आधुनिक व तकनीकी रूप से समृद्ध बनाते हुए प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र में स्मार्ट टी0वी0, बच्चों के लिए फर्नीचर, खिलौने और आंगनबाडी कार्यकत्री को नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रणाली की बारीकी से ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रोजेक्ट द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के 3000 बच्चों एवं 300 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सीधे लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिद्वार जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री के अमृतकाल की आंगनबाड़ी के सपने को मूर्तरूप देने का प्रशंसनीय कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के अन्तर्गत राज्य सरकार ने हरिद्वार में मीठी गंगा नामक एक और महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत भी की है, जिसमें स्थानीय महिलाओं द्वारा शहद उत्पादन एवं बिक्री का कार्य किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम महिलाओं को होम मेकर के साथ -साथ नेशन मेकर के रूप में देख रहे हैं, क्योंकि तभी हम सही अर्थों में राष्ट्र का विकास कर पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनरोत्थान के लिये निरंतर कार्य हो रहे हैं। अयोध्या में भगवान राम के भव्य व दिव्य मंदिर का उद्घाटन, काशी विश्नाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक कॉरिडोर सहित बाबा केदार के पुनर्निर्माण कार्य और बद्रीनाथ धाम के मास्टर प्लान के कार्य इस बात का सबूत है, उन्होंने जो कहा वह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हम हरिद्वार और ऋषिकेश कॉरिडोर का निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं, क्योंकि हम अयोध्या, काशी विश्वनाथ और महाकाल लोक कॉरिडोर की तरह ही हरकी पैड़ी कॉरिडोर को विश्व के मानचित्र पर एक अलग पहचान दिलाना चाहते हैं। उत्तराखंड में देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया गया है और अब समान नागरिक संहिता विधेयक विधानसभा से पास हो गया है। हमें 21वीं सदी के इस तीसरे दशक को महिला सशक्तिकरण को समर्पित दशक बनाना है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नारी शक्ति महोत्सव कार्यक्रम से पहले देवपुरा चौक से ऋषिकुल मैदान तक आयोजित भव्य रोड शो प्रतिभाग कर मातृ शक्ति और विशाल जन समूह का अभिनंदन स्वीकार किया। इस अवसर पर सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, मती कल्पना सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष हरिद्वार राजेन्द्र चौधरी, भाजपा के जिलाध्यक्ष श्यमवीर सैनी, शोभाराम प्रजापति, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, देशराज कर्णवाल, जिलाधिकारी हरिद्वार धीराज गर्ब्याल, एस.एस.पी प्रमेन्द्र डोभाल, सीडीओ प्रतीक जैन उपस्थित थे।

# गांव चलो अभियान के दूसरे दिन स्वच्छता अभियान व संवाद कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**देहरादून ( संवाददाता )।** सोमवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के गुनियालगांव स्थित चंद्रोटी शिव मंदिर में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भारतीय जनता पार्टी के "गांव चलो अभियान" कार्यक्रम के तहत पूजा अर्चना की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गांव चलो अभियान के तहत मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और बूथ कार्यकर्ता कैप्टन जयराम सिंह के आवास पहुंचकर भोजन किया और उन्हें केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।



इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अभियान के तहत कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी राजकीय इंटर कॉलेज गुनियाल गांव पहुंचकर विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से उनका परिचय प्राप्त किया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने सम्बोधन में परीक्षा पे चर्चा और पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को अवश्य सुनने का बच्चों से अपील की। उन्होंने कहा इन कार्यक्रमों के माध्यम से कई रोचक जानकारी प्राप्त होती है। मंत्री गणेश जोशी ने 10वीं और 12वीं के छात्र छात्राओं को आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा मतदान का अवश्य करें। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता की जीत के मंत्र भी दिए।

उन्होंने विद्यालय के लिए विज्ञान भवन तथा पुस्तकालय, शौचालय निर्माण की घोषणा भी की। उन्होंने कहा आज विश्व के पटल पर भारत का मान बढ़ाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अंतिम छोर पर खड़े पात्र लोगों को भी सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। इस मकसद से भाजपा चलाए गए गांव चलो अभियान से ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी मिलने के साथ-साथ योजना का लाभ भी उठा पाएंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीरए बूथ अध्यक्ष किशन सिंह पुंडीर, शक्ति केंद्र संयोजक लक्ष्मण रावत, ग्राम प्रधान सीता देवी, कैप्टन जयराम सिंह, योगेश बिष्ट, मनदीप सिंह, मदन सिंह, अनुराग, महेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश ने संभाला कार्यभार

**नैनीताल, ब्यूरो ।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश ने फुल कोर्ट रैफरेंस के साथ ही सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर रजिस्ट्रार जनरल ने प्रोसिडिंग शुरू करने की अनुमती मांगी और महाधिवक्ता के साथ उच्च न्यायालय बार के अध्यक्ष ने उनका स्वागत किया। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज तिवारी ने न्यायालय में मौजूद सभी लोगों का स्वागत किया। नैनीताल



स्थित उच्च न्यायालय में आज हरियाणा उच्च न्यायालय से ट्रांसफर होकर पहुंची महिला मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी ने मुख्य न्यायाधीश के पद पर कार्यभार संभाल लिया है। 1962 में हरियाणा में जन्मी ऋतु की पारिवारिक पृष्ठभूमि अधिवक्ता परिवार से रही है। चंडीगढ़ से शिक्षा ग्रहण कर उन्होंने वकालत की और वहीं उच्च न्यायालय में प्रेक्टिस शुरू कर दी। ऋतु, हरियाणा हाईकोर्ट की महाधिवक्ता और फिर 16 अगस्त 2010 को वहीं न्यायाधीश बनी। पिछले वर्ष वह मुख्य न्यायाधीश के रूप में एलिवेट हुई थी। ऋतु ने देहरादून में राज्यपाल के सम्मुख पद और गोपनीयता की शपथ ली। उन्होंने आज अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह खुले दिमाग से काम करेंगी और इस न्यायालय के युवा अधिवक्ताओं को नए सुझावों के साथ आमंत्रित कर उसपर विचार करेंगी। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि विषम पहाड़ी क्षेत्रों में जरूरतमंदों को आसान न्याय देने के लिए तरीकों पर विचार किये जा रहे हैं।

# 18000 पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा

**देहरादून,ब्यूरो।** पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 एवं भारतीय साक्ष्य विधेयक-2023 को लागू किये जाने के सम्बन्ध में जनशक्ति, प्रशिक्षण, बजट, पाठयक्रम, इंफ्रास्ट्रकचर, प्रोसिक्यूशन व जनजागरूगता इत्यादि विषयों पर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी थानों में 7 साल से अधिक सजा वाले पंजीकृत अपराधों का डेटा देखकर प्रशिक्षण हेतु जनशक्ति निर्धारित की जाये। विधिक सलाहकारों की जनपदवार नियुक्ति के सम्बन्ध में जनपदों के अपराध संबंधी डेटा का विश्लेषण कर लिया जाये। नये कानूनों के प्रशिक्षण हेतु आईपीएस, पीपीएस, अराजपत्रित अधिकरियों की सूची तैयार बीपीआरडी से समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण कराये जाने का निर्णय लिया गया। 18000 पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान कराया जाना है। जिसके दृष्टिगत एटीआई व उजाला द्वारा तैयार ट्रैनिंग माडयूल का अध्ययन कर ऑनलाइन व ऑफलाइन ट्रैनिंग माडयूल तैयार कर लिया जाये। प्रशिक्षण पाठयक्रम पर चर्चा करते हुए पुलिस कर्मियों को पीटीसी एटीसी में प्रशिक्षण प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया। आईपीएस स्तर के रैंक के अधिकारियों हेतु एनपीए माडल पर ट्रैनिंग माडयूल, पुलिस उपाधीक्षक स्तर के उपर रैंक के अधिकारियों हेतु पीटीसी मुरादाबाद व पंजाब पुलिस माडल पर ट्रैनिंग माडयूल, निरीक्षकध् उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों हेतु सीडीटीआई चण्डीगढ़ व भोपाल के ट्रैनिंग माडयूल पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाने पर विचार किया गया। डेटा सेन्टर, डेटा ट्रांसमिशन, डेटा स्टोरेज के व्यय का विश्लेषण कर लिया जाये एवं उपकरणों की आवश्यकता के सम्बन्ध में चरणवार आवश्यकता का प्रस्ताव तैयार किया जाये। नये कानूनों से प्रभावित होने वाले केन्द्रीय, राज्य व स्थानीय अधिनियमों की सूची भी तैयार करने के निर्देश दिए गए। नये कानूनों की जनजागरूकता के प्रचार प्रसार के सम्बन्ध में टाइमलाइन व टार्गेट प्लान के साथ आम जन व पुलिस से जुडे लोगों को गलीध्मौहल्ला, ग्राम सभा, तहसील, ब्लाक स्तर व राज्य स्तर पर उनकी आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाये।

# चेहरे को खूबसूरत और ग्लोइंग बनाने में फेश वॉश या क्लींजर किसका करें इस्तेमाल? जानें क्या है ज्यादा कारगर



स्किन को खूबसूरत और हेल्दी रखने के लिए नियमित तौर पर उसकी देखभाल करनी पड़ती है. त्वचा को साफ करने लोग फेश वॉश और क्लींजर का इस्तेमाल करते हैं. इन प्रोडक्ट्स से रोम छिद्रों से गंदगी साफ होती है और त्वचा हेल्दी बनती है. हालांकि, कुछ लोग फेश वॉश और कुछ लोग क्लींजर का यूज करते हैं. क्या आप दोनों के बीच का अंतर जानते हैं. अगर नहीं तो चलिए जानते हैं...

**फेसवॉश और क्लींजर में अंतर**

फेसवॉश और क्लींजर दोनों का काम स्किन साफ करना है. फेसवॉश एक फोमिंग क्लींजर होता है, जबकि क्लिनिंग लोशन या क्लींजर नॉन-फोमिंग होता है. क्लींजर का इस्तेमाल करने के बाद चेहरा धोया नहीं बल्कि पोछा जाता है.

**फेश वॉश और क्लींजर किस तरह काम करते हैं**

फेसवॉश में झाग होता है, जो रोमछिद्रों में जमा गंदगी को गहराई तक साफ करता है. अगर चेहरे पर हैवी मेकअप है और ज्यादा गंदगी-धूल से संपर्क हो रहा है तो फेश वॉश का इस्तेमाल करने से पहले क्लींजर लगाने से चेहरे की गंदगी दूर हो सकती है. वहीं, अगर क्लींजर की बात करें तो ये चेहरे से एक्स्ट्रा ऑयल, मेकअप और गंदगी दूर करता है. फेसवॉश की तुलना में ये सौ फीसदी ज्यादा इफेक्टिव होता है.धूल और गंदगी को दूर कर स्किन को हेल्दी बनाए रखता है.

**फेसवॉश और क्लींजर का इस्तेमाल कब करें**

1. फेश वॉश और क्लींजर का इस्तेमाल डेली रुटीन पर डिपेंड करता है.

2. सुबह फोमिंग फेसवॉश यूज करते हैं और घर लौटते समय हैवी ट्रैफिक और पॉल्युशन से चेहरे पर गंदगी जम गई है तो क्लींजर करके फेसवॉश का इस्तेमाल करें.

3. रात में सोने से पहले चेहरे से गंदगी हटाने क्लींजर का इस्तेमाल करना बेहतर होता है.

4. मेकअप रिमूव करने के लिए भी पहले क्लींजर का इस्तेमाल करना चाहिए. इससे त्वचा को मॉश्चराइज होता है और अंदर तक उसकी साफ-सफाई होती है.

5. सेंसिटिव त्वचा के लिए फेशवॉश और क्लींजर का इस्तेमाल कर सकते हैं.

6. सुबह या शाम सिर्फ एक बार फेसवॉश का इस्तेमाल करना चाहिए.दिन में दो बार क्लींजर से स्किन साफ कर सकते हैं.

7.ज्यादा मात्रा में फेसवॉश या क्लींजर का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए.

# आपके जूते कैसे कर रहे हैं आपको बीमार? कहीं आपके पास भी तो ये वाले नहीं हैं?



आजकल मार्केट में तरह-तरह के डिजाइन, लुक, ब्रांड वाले जूते आ गए हैं. लोग ब्रांड और कीमत देखकर जूतों को खरीदते हैं. क्या आप जानते हैं कि जिन जूतों को आप इतनी पसंद से खरीदते हैं वे आपको बीमार भी बना सकते हैं. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, जूतों की वजह से आर्थराइटिस, घुटने की दिक्कत, नॉकनिक, फ्लैटफिट और बोलैग जैसी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं. हाल ही में हुए एक रिसर्च में बताया गया कि जूतों को कंफर्ट के अनुसार न खरीदने से 23 प्रतिशत युवा खिलाड़ी वक्त से पहले ही अनफिट हो जाते हैं. आइए जानते हैं क्या कहता है रिसर्च और कहीं आप भी तो इन जूतों को नहीं पहन रहे हैं...

**क्या कहता है जूतों पर हुआ रिसर्च**

जूतों को किस आधार पर चुनना चाहिए, इसे लेकर क्वेश्चन बेस सर्वे किया गया. जिसमें 15-25 साल तक के 1000-1500 खिलाड़ियों से कुछ सवाल पूछे गए. सर्वे में पाया गया कि बॉडी के बैलेंस और पैरों के आर्क के अनुसार, जूते न पहनने से पैरों में परेशानियां आने लगती हैं, जो आगे चलकर पैरों को सही विकास को भी रोक सकती है. ये दिक्कत अर्थराइटिस, घुटने की दिक्कत, नॉकनिक, फ्लैटफिट और बोलैग की भी हो सकती है. इसी वजह से 25त्न खिलाड़ी युवा होते ही अनफीट हो जाते हैं.

**बच्चों को न पहनाएं इस तरह के जूते**

ये रिसर्च स्पोर्ट्स शूज पर की गई पहली रिसर्च है. जिसमें बताया गया कि पैरेंट्स में बच्चों को बड़ा जूता दिलाने की आदत गलत है, क्योंकि बड़े जूते पहनने से बच्चों के पैरों का विकास काफी हद तक प्रभावित होता है, जो आगे चलकर कई तरह की परेशानियों का कारण बन सकता है. रिसर्च में बताया गया कि विदेशों में जूते बेचने वाली कंपनियां कस्टमर्स के पैरों की बनावट के हिसाब से जूते तैयार करती हैं. ये महंगा तो होता है लिकन पैरों की सेहत के लिए सही होता है, जबकि भारत में ऐसा नहीं होता है.

**किस तरह के जूते खरीदने चाहिए**

इस रिसर्च में बताया गया कि खिलाड़ी हो या आम आदमी जूते सस्ते, सुंदर और टिकाऊ देखकर खरीदते हैं. जो कि गलत है, अगर आप भी इस तरह के जूते पहन रहे हैं तो तुरंत अपनी आदत बदल लें, क्योंकि जूते हमेशा कंफर्ट को देखकर ही खरीदने चाहिए. शरीर के हिसाब से भी जूतों का चयन करना चाहिए. जूते कितनी देर तक पहन सकते हैं, इसका भी ख्याल रखना चाहिए. इसलिए जूते वहीं खरीदने चाहिए जो पैरों के लिए आरामदायक हों.

# सर्दियों में स्प्रे-परफ्यूम छिड़कर पहन रहे हैं जैकेट-स्वेटर, तो छोड़ दें जुगाड़, जानें बदबू दूर करने के बेजोड़ तरीके



सर्दियां आते ही जैकेट, स्वेटर और कुछ एक्स्ट्रा कपड़े बाहर निकल जाते हैं. बार-बार इस्तेमाल होने से इनमें से बदबू भी आने लगती है लेकिन इस मौसम में जैकेट या स्वेटर को धोना काफी मुश्किल काम लगता है. इसका एक कारण ये भी है कि सर्दी के मौसम में धूप कम निकलती है और ये कपड़े मोटे होते हैं तो सूखने में वक्त लेते हैं. ऐसे में बहुत से लोग रोज-रोज स्प्रे-परफ्यूम यूज कर इसे पहनते हैं लेकिन ये कोई परमानेंट विकल्प नहीं है. इससे बदबू दूर नहीं होती बल्कि ज्यादा आने लगती है. इसलिए हम आपको कुछ ऐसे बेजोड़ तरीके बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से आप जैकेट को बिना धोए ही खुशबूदार बना सकते हैं. चलिए जानते हैं...

**हर बार यूज करने के बाद ऐसे रखें जैकेट-स्वेटर**

जब भी जैकेट-स्वेटर पहनकर कहीं से घर वापस आए तो उसे उतारकर हैंगर पर फैलाकर खुली हवा में टांग दें. सर्दियों के मोटे कपड़ों को धूप में रखना बदबू को दूर करने का अच्छा विकल्प होता है. रात में स्वेटर या जैकेट को खुली खिड़की के पास टांग सकते हैं.

**बेकिंग सोडा से भगाएं बदबू**

गंध यानी बदबू को एब्जॉर्ब करने में बेकिंग सोडा बेहद कारगर माना जाता है. सर्दियों के कपड़ों से बदबू आने पर रात में कपड़े पर बेकिंग सोडा छिड़क कर उसे छोड़ दें. सुबह अच्छी तरह झाड़कर पहनें, बदबू गायब हो जाएगी. इसे दोबारा से इस्तेमाल कर सकते हैं.

**सिरका दूर करेगा जैकेट-स्वेटर की स्मेल**

अगर आप स्वेटर-जैकेट से बदबू दूर करने के लिए बेकिंग सोडा नहीं इस्तेमाल करना चाहते हैं तो आप सिरके की मदद से बदबू भगा सकते हैं. एक बोतल में विनेगर और पानी बराबर मात्रा में मिलाकर इसे कपड़े पर स्प्रे करें. इसके बाद सूखने के लिए खुली हवा में टांग दें. बदबू दूर हो जाएगी और आप पहनकर कहीं भी जा सकते हैं. इस तरह सर्दी के मोटे कपड़ों को बिना धोए, उनकी स्मैल को दूर कर सकते हैं.

# वैश्विक भुखमरी संकट के बीच भारत ने खाद्यान्नों में खुले बाज़ारों की प्रधानता की निंदा की

संयुक्त राष्ट्र । महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की ओर से दुनिया के निर्धनतम लोगों के लिए 'भूखमरी के नर्क' की चेतावनी के बीच भारत ने खाद्यान्नों में खुले बाजार की अवधारणा की प्रधानता की निंदा की है।

भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद को बताया, खुले बाजार को खाद्यान्न की उपलब्धता में असमानता को कायम रखने और भेदभाव को बढ़ावा देने का तर्क नहीं बनना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय शांति पर जलवायु परिवर्तन और खाद्य असुरक्षा के प्रभाव को लेकर बैठक में उन्होंने कहा, जब खाद्यान्न की बात आती है तो समानता, सामर्थ्य और पहुंच के महत्व को पर्याप्त रूप से समझना हम सभी के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा, वैश्विक खाद्य असुरक्षा का समाधान शांति, सहयोग और बहुपक्षवाद को चुनकर और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से आम समाधान खोजने के लिए मिलकर काम करने से शुरू होना चाहिए।

उदाहरण के लिए, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और मॉस्को द्वारा काला सागर की नाकेबंदी के कारण उत्पन्न खाद्यान्न संकट के चरम पर, भारत को खाद्यान्न पर प्रतिबंध हटाने और उन्हें खुले बाजारों में प्रवाहित करने के दबाव का सामना करना पड़ा, जहां विकसित देश आपूर्ति को नियंत्रित कर सकते थे। जबकि भारत उन्हें चुनिंदा रूप से जरूरतमंद पिछड़े तथा विकासशील देशों में भेजने की नीति का पालन कर रहा था। कंबोज ने कहा, भारत ने खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हमारे पड़ोस और अफ्रीका सहित कई देशों को खाद्य सहायता प्रदान की थी। हमने अफ़गानिस्तान, म्यांमार और फ़िलिस्तीन के लोगों को भी सहायता दी है।

यह भारत के वसुधैव कुटुंबकम के लोकाचार के अनुरूप था जो दुनिया को एक परिवार के रूप में देखता है।

इससे पहले गुतरेस ने कहा, वैश्विक खाद्य संकट दुनिया के कई सबसे गरीब लोगों के लिए भूख और दिल के दर्द का नर्क तैयार कर रहा है और जलवायु संकट एक घातक ताकत के साथ बढ़ रहा है पिछला साल अब तक का सबसे गर्म साल था।

उन्होंने कहा, जलवायु अराजकता और खाद्य संकट गंभीर हैं और वैश्विक शांति तथा सुरक्षा के लिए बढ़ते खतरे हैं।

उन्होंने कहा, हमें इन चुनौतियों से पार पाने के लिए स्वस्थ, न्यायसंगत और टिकाऊ खाद्य प्रणालियों में उचित परिवर्तन के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की आवश्यकता है, और हमें ऐसी प्रणालियों को वास्तविकता बनाने के लिए सरकारों, व्यापार और समाज को मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

# यूएई ने मनाया पीएम मोदी की यात्रा का जश्न, तिरंगे में जगमगा उठा बुर्ज खलीफा



दुबई । 2024 वैश्विक सरकार शिखर सम्मेलन' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से पहले दुबई के बुर्ज खलीफा भारतीय तिरंगे के रंग रंगा दिखा। वहीं, बुर्ज खलीफा पर 'गेस्ट ऑफ ऑनर भारत गणराज्य' भी लिखा दिखा। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यूएई यात्रा पर हैं। अपने सात साल के कार्यकाल में पीएम सातवीं बार यूएई पहुंचे हैं, जहां वो पहले हिंदू मंदिर बीएपीएस का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को अपने एक्स अकाउंट पर कहा था, वो एक मजबूत धरती बनाने के लिए पारस्परिक वार्ता को प्रगाढ़ करेंगे।

वहीं, अपने संबोधन से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर कहा था, आज वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट में बोलना सम्मान की बात है। मैं कई विषयों पर विस्तार से बात करूंगा, जो एक बेहतर ग्रह के निर्माण के बारे में बातचीत को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री के स्वागत में दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने अपने सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर बुर्ज खलीफा की भारतीय तिरंगे और वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट के लोगो से लिपटी हुई थी।

उन्होंने कहा था, दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए एक मॉडल के रूप में काम करते हैं और इस कार्यक्रम में भारत को एक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल करना खुशी की बात है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, शासन की सर्वोत्तम प्रथाओं, सफलता की कहानियों और पहलों को साझा करने और सरकार के भविष्य की कल्पना करने के लिए 'वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट' दुनिया के अग्रणी प्लेटफार्मों में से एक बन गया है।

क्राउन प्रिंस ने कहा, इस अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में भारत को एक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल करना खुशी की बात है, जहां यह विभिन्न क्षेत्रों में अपने नवाचारों पहलों और परियोजनाओं का प्रदर्शन करेगा जो सरकारी सेवा वितरण के लिए विकास में तेजी लाने के लिए एक मॉडल हैं। बुर्ज खलीफा को आखिरी बार 15 अगस्त, 2023 को भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय तिरंगे से रोशन किया गया था और पृष्ठभूमि में राष्ट्रगान 'जन गण मन' बज रहा था।

बता दें कि कल अबू धाबी की सरजमीं पर दस्तक देने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि यहां आकर मुझे ऐसा लगता है कि मैं अपने घर आया हूं। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने उनका स्वागत किया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में भारतीय प्रवासियों की एक विशाल सभा को संबोधित किया और भारत को एक मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने और दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने खाड़ी देश में लगभग 35 लाख भारतीयों की अच्छी देखभाल करने के लिए यूएई सरकार को भी धन्यवाद दिया।

# हरिद्वार में जल्द ही मातृ-शिशु की देखभाल के लिए बनेगा 200 बेड का स्वास्थ्य विंग : स्वास्थ्य सचिव

**देहरादून ( संवाददाता )।** राज्य सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं और मातृ-शिशु के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने की हरसंभव कोशिश की जा रही है। इसके तहत हरिद्वार में जल्द ही मातृ-शिशु की देखभाल के लिए 200 बेड का स्वास्थ्य विंग बनेगा। राज्य सरकार ने यह तय किया गया है कि सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद यदि महिला 48 घंटे तक रहती है तो उसे 02 हजार रुपये दिये जाएंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए हीमोग्लोबिन मीटर और स्ट्रिप्स के आदेश जारी किए गए हैं। आपको बता दें कि मुख्य सचिव का पद्भार ग्रहण करते ही राधा रतूड़ी ने सबसे पहले स्वास्थ्य विभाग के मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जाहिर की। जिसमें स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, और सभी जिलाधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को आदेश दिये थे कि मातृ-शिशु के स्वास्थ्य की देखभाल में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएं। उन्होंने मातृ-शिशु के विभिन्न



योजनाओं को तत्काल लागू करने का निर्देश अधिकारियों को दिये थे। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी के निर्देशों पर मुहर लगाते हुए गर्भवती महिलाओं के हितों से जुड़े कई बड़े फैसले लिए हैं।

**बदली जायेंगी पुरानी एम्बुलेंस**

मुख्य सचिव के दिषा-निर्देषों के बाद स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने मातृ-षिषु चिकित्सा सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने की दिषा में कई अहम कदम उठाए हैं। सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा उत्तराखंड डा. आर राजेश कुमार ने कहा कि सभी पुरानी और खराब एम्बुलेंसों को प्राथमिकता के आधर पर बदला जाएगा। स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से जिलों को अगले कुछ वर्षों में 262 नई डोली पालकियां प्रदान की जाएंगी। गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग शगुन योजना को बढ़ावा दे रहा है। इस योजना के तहत, गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पतालों में प्रसव के बाद 48 घंटे तक रहने के बाद 2000 रुपये दिये जाने के प्रावधान किए गए हैं।

**गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की मॉनीटरिंग**

स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग गर्भवती महिलाओं को आयरन और फोलिक एसिड और कैल्शियम की गोलियां भी उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मातृ और नवजात मृत्यु की समीक्षा और रिपोर्टिंग पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक उपाय चल रहे हैं। डा. आर राजेश कुमार ने बताया कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं पर नजर रखने के लिए आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जा रही है। उन्होंने मातृ-षिषु स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की निगरानी पर ध्यान देने के साथ वन स्टॉप सेंटर के उपयोग करने के निर्देश दिये हैं।

# जब एंकर बन स्मृति ईरानी ने लिया महामहिम का इंटरव्यू

नई दिल्ली । केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी अक्सर अपने मुखर जवाब के लिए जानी जाती हैं। विपक्ष को करारा जवाब देकर वो बोलती बंद कर देती हैं। लेकिन, केंद्रीय मंत्री इस बार नए अवतार में नजर आई हैं। इस बार स्मृति ईरानी एंकर बनी नजर आईं और उन्होंने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का इंटरव्यू लिया। इस इंटरव्यू में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने जीवन का अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे वो आदिवासी महिला से लेकर देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचीं। राष्ट्रपति का ये इंटरव्यू ऑल इंडिया रेडियो पर 13 फरवरी को प्रसारित किया गया था। यह इंटरव्यू केंद्रीय मंत्री की तरफ से आयोजित विशेष एपिसोड 'नई सोच, नई कहानी' का हिस्सा था। इस इंटरव्यू में राष्ट्रपति ने बताया कि उनका ये सपना नहीं था, क्योंकि मैं एक आम लड़की थी। जैसे गांव में दूसरे लड़के और लड़कियां होते हैं। ऐसे मैं भी थी। उनके साथ खेलती और स्कूल जाती थी। कभी मौका मिलता था तो किसी के गॉर्डन से अमरूद और आम चुराया करती थी। कभी मौका मिलता था तो घंटों तालाब में तैरती थी। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि मैंने कभी सपना नहीं देखा था कि कभी देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचना है या कोई बड़ा अफसर बनना है। साक्षात्कार में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पूछा कि जब आपको पता चला कि आपको राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जा रहा है, आप फोन नहीं उठा रही थी, किसी को साइकिल पर बैठकर आपके पास आना पड़ा। इस पर महामहिम ने बताया कि उनके घर पर खराब मोबाइल नेटवर्क के कारण फोन नहीं लगता था, लेकिन मुझे मेरे बच्चों ने बताया कि मां तुम्हारा नाम राष्ट्रपति पद के लिए आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनसे बात करना चाहते थे, लेकिन संपर्क नहीं हो पा रहा था। इसके बाद पीएम मोदी ने द्रौपदी मुर्मू के प्राइवेट सेक्रेटरी को फोन मिलाया। सेक्रेटरी ने ही उन्हें तुरंत बताया कि पीएम मोदी उनसे बात करना चाहते हैं। मैं हैरान थी कि पीएम मुझसे क्यों बात करना चाहते हैं। पीएम मोदी ने मुझे बताया कि हम आपको राष्ट्रपति का उम्मीदवार बना रहे हैं। मैंने कभी सोचा नहीं था क्योंकि मेरे पास सोचने के लिए टाइम भी नहीं था। मैं इसका क्या जवाब दूं। इस इंटरव्यू में राष्ट्रपति मुर्मू ने हाल ही में दिल्ली मेट्रो में अपनी यात्रा के अनुभव भी साझा किए। उन्होंने कहा कि मैं भी चाहती थी आम नागरिक की तरह एक्सपीरियंस लूं। हजारों लोग मेट्रो से अपने काम पर जाते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट में भी सुनाई दी किसान आंदोलन की गूंज

**नई दिल्ली ।** किसानों के दिल्ली कूच की गूंज अब सुप्रीम कोर्ट तक भी सुनाई दे रही है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने डी वाई चंद्रचूड़ ने संज्ञान लेते हुए कहा कि अगर किसी भी वकील को आवाजाही की वजह से दिक्कत हो रही है। हम उस हिसाब से समय में बदलाव करेंगे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदिश अग्रवाल ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को एक पत्र लिखा है। उन्होंने दिल्ली में प्रवेश करने की कोशिश करने वाले किसानों के खिलाफ उपद्रव पैदा करने और नागरिकों के जीवन को परेशान करने का आरोप लगाते हुए संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने के मांग की है। साथ ही, उन्होंने सीजेआई से अदालतों को निर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया कि अदालतों के समक्ष वकीलों की गैर-मौजूदगी के कारण कोई प्रतिकूल आदेश पारित न किया जाए। आदिश अग्रवाल ने कहा, मैं आपके ध्यान में लाने के लिए यह पत्र लिखने के लिए मजबूर हूं कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए भारत सरकार के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, कुछ किसान उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब से दिल्ली आने की तैयारी कर रहे हैं। पत्र में कहा गया, इससे पहले, 2021 और 2022 में दिल्ली की तीन सीमाएं इसी तरह के विरोध के कारण कई महीनों तक अवरुद्ध रहीं, जिससे आम जनता को कठिनाई हुई। यह भी रिकॉर्ड की बात है कि दिल्ली आने की कोशिश के दौरान कई लोगों की मृत्यु हो गई, क्योंकि वह इलाज के सही समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाए।

## कांग्रेस ने की राज्यसभा के लिए चार उम्मीदवारों की घोषणा, सोनिया गांधी को राजस्थान से टिकट

नई दिल्ली । कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। हिमाचल प्रदेश से अभिषेक मनु सिंघवी, बिहार से अखिलेश प्रसाद सिंह और महाराष्ट्र से चंद्रकांत हंडोरे को कांग्रेस ने राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है।

राज्यसभा के उम्मीदवारों की एक सूची कांग्रेस ने बुधवार को जारी की। इसके मुताबिक, पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी राजस्थान से, अखिलेश प्रसाद सिंह बिहार से, अभिषेक मनु सिंघवी हिमाचल प्रदेश से और चंद्रकांत हंडोरे को महाराष्ट्र से पार्टी का टिकट दिया गया है।

कांग्रेस ने एक प्रेस रिलीज में कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने राज्यों की परिषद के द्विवार्षिक चुनाव लडने के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों के रूप में चार उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी है।

# सीएम धामी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब



**हरिद्वार,ब्यूरो।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हरिद्वार दौरे पर सबसे पहले अपने गुरु जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राज राजेश्वर नंद से मिलने उनके आश्रम पहुंचे। सीएम धामी ने उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। अपने आध्यात्मिक गुरु से मिलने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार के देवपुरा से लेकर हरिद्वार के ऋषिकुल तक रोड शो किया। सीएम के रोड शो में एक अलग ही रंग देखने को मिला। रोड शो पर मिनी भारत की झलक देखने को मिली।

इसमें अलग-अलग राज्यों से ध्वनि वादकों को बुलाया गया था। जहां एक ओर पंजाबी ढोल इस रोड शो में देखने को मिले, तो वहीं नासिक और केरल के ढोल भी इस रोड शो में देखने को मिले। ऐसा कहा जा सकता है कि 2024 लोकसभा चुनाव का बिगुल इस रोड शो के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बजा दिया है। उत्तराखंड की लोकसभा की 5 सीटों पर जीत दिलाने के वादे को पूरा करने में सीएम धामी जुट गए हैं। रोड शो के दौरान स्कूल के बच्चों के साथ महिलाएं भी सड़कों पर देखने को मिलीं। इसी के साथ हरिद्वार के सांसद रमेश पोखरियाल निशंक, हरिद्वार के विधायक मदन कौशिक और भाजपा के कार्यकर्ता इस रोड शो में मौजूद रहे। सीएम धामी सड़कों के दोनों ओर लोगों की भीड़ देखकर उत्साहित दिखे। अपनी खुशी को उन्होंने लोगों पर फूल बरसाकर जाहिर किया।

# भाजपा ने किया लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन

हरिद्वार, संवाददाता। जगजीतपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में 20 सूत्रीय कार्यक्रम के उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला ने लाभार्थी संपर्क अभियान का विवरण एवं उद्देश्यों को लेकर कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि संपर्क अभियान का उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से कार्यकर्ताओं द्वारा व्यक्तिगत रूप से संपर्क करना है। कार्यक्रम के तहत 25 लाख कार्यकर्ता मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं और नीतियों के 6 करोड़ से अधिक लाभार्थियों से देश भर में संपर्क करेंगे।

हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में 110000 से अधिक लाभार्थियों से संपर्क कर लाभार्थियों का डाटा अपडेट किया जाएगा। जिसमें घर घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क करना, पत्रक देना और गेट पर स्टीकर लगाना व लाभार्थी के मोबाइल से मिस कॉल नंबर पर मिस कॉल करना है। लाभार्थी के फोटो एवं उसके अनुभव के वीडियो सोशल मीडिया, नमो एप, सरल ऐप पर अपलोड करना है। प्रत्येक कार्यकर्ता को इस अभियान को प्रदेश इकाई द्वारा निर्धारित तिथियों के अनुसार तीन दिन में पूरा करना है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से सभी प्रतिभागी कार्यकर्ताओं को लाभार्थी संपर्क अभियान में अपना पूर्ण निष्ठा के साथ योगदान करना है। संपर्क अभियान में कार्य को बूथ स्तर तक दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप पूरा करना है। अभियान के अंतर्गत मंडल स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन 24 फरवरी तक पूर्ण किया जाना है। मंडल में प्रशिक्षण देने वाले कार्यकर्ता एवं आईटी के एक्सपर्ट कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। बूथ स्तर पर संपर्क करने वाले कार्यकर्ता को एक बूथ पर 20 से 30 लाभार्थियों से संपर्क करना है। हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र संयोजक जयपाल सिंह चौहान ने कहा सभी को मिलकर गए संपर्क अभियान को सफल बनाना है तथा हरिद्वार लोकसभा को सर्वाधिक मतों से जीतने का काम करना है। कार्यशाला में दायित्वधारी श्यामवीर सैनी, लोकसभा क्षेत्र के सह प्रभारी आदित्य चौहान, हरिद्वार जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, रुड़की जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, ऋषिकेश जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा, कार्यक्रम की सहसंयोजक अनु कक्कड़ व नलिन भट्ट, लोकसभा विस्तारक राजेंद्र व्यास, जिला संयोजक मोहित वर्मा, अमन त्यागी एवं पुष्पा, जिला महामंत्री आशुतोष शर्मा, आशु चौधरी, लोकसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष, कार्यक्रम के मंडल संयोजक एवं सहसंयोजक सहित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

# 40 लाख की स्मैक सहित दो गिरफ्तार

हरिद्वार। पुलिस और एसटीएफ ने सयुंक्त कार्यवाही में बरेली से लाई जा रही 40 लाख की स्मैक सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना खानपुर व एसटीएफ टीम को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की डिलीवरी हेतु आने वाले हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस व एसटीएफ टीम ने क्षेत्र में संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान संयुक्त टीम को बालावाली पोस्ट खानपुर के समीप दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। टीम द्वारा जब उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो वह सकपका कर भागने लगे। इस पर उन्हें घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 400 ग्राम इसमें बरामद हुई। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आजम पुत्र नूर हसन निवासी पथरी व अशरफ पुत्र मुनफेत निवासी पथरी बताया।

बताया कि वह बरामद स्मैक बरेली से लाए थे। जिसे उन्होंने कासमपुर पथरी क्षेत्र के फिरोज को देना था। बहरहाल पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब मामले में फिरोज की तलाश में जुटी हुई है। बरामद स्मैक की कीमत 40 लख रुपए बताई जा रही है।

# उपनियंत्रक श्यामेन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई नागरिक सुरक्षा संगठन की बैठक, वार्डनों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव





**देहरादून ( संवाददाता )।** निदेशक, नागरिक सुरक्षा, उत्तराखंड, देहरादून केवल खुराना (आई. पी. एस.) के कुशल नेतृत्व, पर्यवेक्षण, दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में नागरिक सुरक्षा कोर को सुचारू रूप से संपादित करने तथा आम जन मानस में नागरिक सुरक्षा संगठन को बेहतर बनाने व पहचान बनाने के उद्देश्य से 12 फरवरी 2024 को श्यामेन्द्र कुमार साहू, उपनियंत्रक, नागरिक सुरक्षा देहरादून की अध्यक्षता में नागरिक सुरक्षा कोर उत्तर प्रभाग के पोस्ट न श 8, 9 व 10 की समन्वय बैठक का आयोजन नारी शिल्प बालिका इंटर कॉलेज चकराता रोड, देहरादून में अपराह्न 03:30 बजे किया गया। बैठक में घटना नियंत्रक अधिकारी नीरज कुमार उनियाल ने बैठक की शुरुवात करते हुवे सभी उपस्थित जनों का स्वागत व अभिनंदन किया।

पोस्ट वार्डन बीना उपाध्याय व घटना नियंत्रक अधिकारी नीरज कुमार उनियाल द्वारा उपनियंत्रक का पौधा देकर स्वागत किया गया। उक्त बैठक में प्रत्येक पोस्ट के वार्डनों द्वारा प्रतिभाग कर पोस्ट स्तर पर किए जा रहे कार्यों के विषय में जानकारी दी गई व आगामी कार्यों के बारे में उपनियंत्रक को अवगत करवाया गया। उक्त बैठक में वार्डनों द्वारा समाज में नागरिक सुरक्षा संगठन की छवि को बेहतर बनाने तथा नागरिक सुरक्षा संगठन के प्रचार-प्रसार हेतु नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस मनाने के लिए वार्षिक प्रोग्राम का आयोजन व्यापक स्तर पर किए जाने तथा राष्ट्रीय पर्व में वार्डनों द्वारा प्रतिभाग करने हेतु सुझाव दिए गए।

उक्त बैठक में नागरिक सुरक्षा के कार्यों को सुचारू रूप से सफल बनाने एवं समाज मे नागरिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा प्राथमिक चिकित्सा, अग्निशमन संबंधी प्रशिक्षण समय समय पर कराए जाने, स्वास्थ्य शिविर व रक्तदान शिविरों को आयोजित कर उनके सफल आयोजन के लिये वार्डनों द्वारा अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए। साथ ही उक्त सभी कार्यक्रमों को निरंतर चलाये जाने तथा आम जनता को नागरिक सुरक्षा से जोड़ते हुए अवैतनिक वार्डनों की रिक्तियों को भरे जाने का सुझाव वार्डनों द्वारा दिया गया। वार्डनों की यूनिफॉर्म तथा जैकेट का पुन: निर्धारण किए जाने का सुझाव वार्डनों द्वारा दिया गया। पोस्टों के लिए एक सरकारी कार्यालय हेतु स्थान का निर्धारण किए जाने का प्रस्ताव उक्त बैठक में रखा गया ताकि समय-समय पर पोस्टों की बैठकों का आयोजन व पोस्ट स्तर के कार्यों को सुचारू रूप से पोस्ट के कार्यालय पर ही किया जा सके। पोस्टों के अनुसार माहवार स्वास्थ्य शिविर, पॉलिथीन उन्मूलन, प्लास्टिक उन्मूलन तथा पौध रोपण आदि का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाए। वार्डनों की रिक्तियों को भरे जाने हेतु जल्द से जल्द विशेष अभियान चलाकर समाज के प्रतिष्ठित तथा प्रभावशाली व्यक्तियों को नागरिक सुरक्षा संगठन से जोड़ने का काम वार्डनों द्वारा किया जाए तथा आई कार्ड बनाने आदि विषयों पर चर्चा की गई। वार्डनों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जो वार्डन सक्रिय नही हैं या नागरिक सुरक्षा में अपनी सेवाएं नही देना चाहते हैं उन्हें नागरिक सुरक्षा संगठन से पृथक किये जाने का सुझाव दिया गया। उपनियंत्रक द्वारा यह निर्देशित किया गया कि जो वार्डन उच्च पदों पर पदस्थ हैं तथा जिन वार्डनों की पदोन्नति की गई है वह जिम्मेदारी से अपने कार्यों का निर्वहन करें तथा अपने अधीनस्थ वार्डनों का हौसला बढ़ाने का कार्य करें।

बैठक का संचालन घटना नियंत्रक अधिकारी नीरज कुमार उनियाल द्वारा किया गया उनके द्वारा परिवार रजिस्टर बनाएं जाने की कार्य को नागरिक सुरक्षा का एक अति महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए कहा कि इस विषय में बात कोई नहीं करता परंतु यदि कार्यालय के द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से सभी दून वासियों को इस कार्य के लिए प्रेरित किया जाए व वार्डनों के लिए शासन स्तर से पत्र जारी किया जाए तो यह कार्य भी आसानी से किया जा सकेगा व प्रत्येक पोस्ट को व नागरिक सुरक्षा संगठन को इस माध्यम से भी प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। परिवार रजिस्टर के माध्यम से ही हम क्षेत्र की जनता से परिचय बढ़ा सकते हैं व किसी भी आपदा से प्रभावित परिवारों को पहचान हम कर सकेंगे। उनके द्वारा बताया गया कि कई बार चर्चा होने के बावजूद भी शासन स्तर पर इस महत्वपूर्ण विषय पर कोई कार्रवाई नहीं कि जा सकी है।उक्त बैठक में नीरज उनियाल, आई सी ओ; विनोद कुमार यादव, आई सी ओ; महेश चंद्र भट्ट, आई सी ओ; डॉ0 संजीव कुमार, पोस्ट वार्डन; बीना उपाध्याय, पोस्ट वार्डन; उप पोस्ट वार्डन कमल रजवाड़; सेक्टर वार्डन मनोज सोनकर, नित्यानंद चमोली, हरीश नारंग, कल्पेश्वरी डोभाल, अब्दुल हमीद, वैयक्तिक सहायक, ना0सु0, प्रवीन कुमार भारद्वाज, प्रभागीय लिपिक, ना0सु0 सहित कई वार्डन साथी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में घटना नियंत्रक अधिकारी नीरज कुमार उनियाल द्वारा सभी का धन्यवाद व्यक्त कर उक्त मासिक बैठक का समापन किया गया।

# यही समय है, सही समय है, उत्तराखण्ड में निवेश का



DESTINATION UTTARAKHAND
GLOBAL INVESTORS SUMMIT 2023
Peace To Prosperity



"माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड की आर्थिकी और पर्यटन विकास में वृद्धि हुई है। हमारा राज्य व्यापार के लिए सदैव खुला है, जो निवेशकों को व्यापक अवसर प्रदान करता है । सुव्यवस्थित उद्योग की मंजूरी से लेकर निवेशकों को प्रोत्साहित करने तक हम सदैव प्रतिबद्ध हैं। अपने उद्यमों के लिए एक सम्पन्न पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हमारी प्राथमिकता है। आइये मिलकर उत्तराखण्ड के भविष्य को नया आकार प्रदान करें!

**पुष्कर सिंह धामी**
**मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड**

"21वीं शताब्दी का ये तीसरा दशक, उत्तराखण्ड का दशक है। उत्तराखण्ड एक ऐसा राज्य है, जहां दिव्यता और विकास एक साथ महसूस होता है। वह दिन दूर नहीं, जब दिल्ली-देहरादून के बीच की दूरी ढाई घंटे की रह जाएगी। देहरादून और पंतनगर हवाई अड्डे के विस्तार से हवाई कनेक्टिविटी मजबूत होगी। प्रदेश में हेली-टैक्सी सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है तथा रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ किया जा रहा है। यह सब कृषि, उद्योग, लॉजिस्टिक्स, भंडारण, पर्यटन और आतिथ्य के लिए नए अवसर पैदा कर रहा है। वहीं, हाउस ऑफ हिमालयाज वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल की हमारी अवधारणा को और मजबूत करता है।"

**नरेन्द्र मोदी,**
**प्रधानमंत्री**

## बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास में निवेश

**कल्याण चक्रवर्ती, सीईओ, एम्मार ग्रुप**

**05 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगा एम्मार ग्रुप**

एम्मार इंडिया के सीईओ कल्याण चक्रवर्ती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में हमें गौरव मिल रहा है। पिछले 10 साल से जो फर्क आया है, विश्व के नजरिये में वह पहले कभी नहीं था। उन्होंने भारत-यूएई संबंधों में नई जीवंतता की ओर भी इशारा किया।चक्रवर्ती ने कहा कि एम्मार ग्रुप का हेड ऑफिस संयुक्त अरब अमीरात में है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यूएई के साथ हमारे रिश्ते नए पायदान पर पहुंच गए हैं। एम्मार बुर्ज खलीफा के निर्माणकर्ता के रूप में जाना जाता है। हम भारत में भी कुछ ऐसा करना चाहते हैं कि जिससे भारत का सिर ऊंचा रखें, प्रधानमंत्री का सिर ऊंचा रखें। कुछ नया करके दिखाएं। उन्होंने जीएसटी और डिजिटल इंडिया की तारीफ की। उन्होंने फिनटेक क्रांति में हुए नीतिगत सुधारों का उल्लेख किया, जो औद्योगिक जगत के लिए नए अवसर पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उत्तराखण्ड में उनके ग्रुप की इच्छा है कि स्थायी रूप से कुछ किया जाए। लगभग पांच हजार करोड़ रुपए का निवेश एम्मार ग्रुप करेगा। इसमें डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, टीओडी, रिडेवलपमेंट इनिसेटिव, टाउनशिप डेवलपमेंट शामिल रहेगा। अर्बन इको सिस्टम में प्रयास किया जाएगा।

## मल्टी-स्किल हब बनेगा उत्तराखण्ड

**आर. दिनेश, अध्यक्ष, टीवीएस**

**10 हजार करोड़ लोगों को प्रशिक्षित करने की क्षमता होगी**



टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस के अध्यक्ष आर. दिनेश ने कहा कि कंपनी उत्तराखण्ड में एक लाख से अधिक लोगों को परामर्श और सहायता प्रदान करने के लिए 10 मॉडल करिअर केंद्र स्थापित करेगी। उत्तराखण्ड आतिथ्य, स्वास्थ्य देखभाल और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों को कवर करने वाले 10,000 लोगों को प्रशिक्षित करने की क्षमता वाला स्पेशलिटी मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने वाला पहला राज्य होगा। देहरादून में इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन सत्र में आर. दिनेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने उत्तराखण्ड की विकास गाथा में संगठन के योगदान, टायर और ऑटो घटकों की विनिर्माण इकाइयों, लॉजिस्टिक्स और ऑटो क्षेत्र में सेवाओं का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र और भंडारण क्षमता में निवेश को आगे बढ़ाने के लिए कंपनी ने अपनी योजनाओं का विस्तार किया, जिससे सभी पारिवारिक कंपनियों में 7,000 से अधिक नौकरियां पैदा हुईं।

- प्रदेश में हरित ऊर्जा क्रांति को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखण्ड नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी के तहत ₹103,459 के 157 एमओयू हस्ताक्षरित
- राज्य में उद्योग को नई ऊंचाई देने के लिए उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड द्वारा ₹78,448 के 658 एमओयू हस्ताक्षरित
- प्रदेश में पर्यटन विस्तार को नई रफ्तार देने के लिए पर्यटन विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा ₹47,646 के 437 एमओयू हस्ताक्षरित
- आवास निर्माण के साथ समृद्धि की गति बढ़ाने के लिए उत्तराखण्ड आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा ₹41,947 के 62 एमओयू हस्ताक्षरित
- उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा ₹25,785 के 39 एमओयू हस्ताक्षरित
- कृषि और संबंधित क्षेत्रों के विकास को नया आयाम देने के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा ₹19,260 के 175 एमओयू हस्ताक्षरित
- बेहतर सेहत देने के साथ रोजगार के नए सुअवसर पैदा करने के लिए आयुष एवं कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा ₹17,058 के 77 एमओयू हस्ताक्षरित
- शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा ₹6675 के 28 एमओयू हस्ताक्षरित

## उत्तराखण्ड के गुलाब से बनेगा रसना हिमालयन शरबत

**पिरुज खंबाटा, प्रबंध निदेशक, रसना**

रसना के एमडी पिरूज खंबाटा ने कहा है कि वो उत्तराखण्ड के गुलाब से शीतलपेय बनाते हुए, इसे अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं। इन्वेस्टर्स समिट के दौरान पत्रकारों से बातचीत में खंबाटा ने कहा कि उत्तराखंड को अब तक धार्मिक और आध्यात्मिक धरती के रूप में ही देखा जाता था, लेकिन अब उत्तराखण्ड को लेकर उद्योग जगत का नजरिया बदल रहा है।इसी क्रम में रसना ने उत्तराखण्ड में उगने वाले गुलाब का परीक्षण किया है, जो प्राकृतिक औषधीय गुणों से भरपूर है। अब कंपनी इस गुलाब से हिमालयन गुलाब जल, हिमालयन गुलाब ऑयल, हिमालयन शर्बत, हिमालयन गुलकंद और हिमालयन च्यवनप्राश तैयार कर बाजार उपलब्ध कराने की तैयारी कर रही है। खंबाटा ने कहा कि रसना ने ऐसा ही प्रयोग भारत में पैदा होने वाले आम के साथ भी किया जो सफल रहा, अब उत्तराखण्ड के गुलाब को भी इसी तरह प्रमोट किया जाएगा। यदि उत्तराखण्ड का गुलाब सॉफ्ट ड्रिंक बाजार में महज दो प्रतिशत भी हिस्सेदारी बना पाया तो यह कारोबार शुरूआती चरण में ही दो हजार करोड़ से अधिक का हो सकता है। इसका लाभ किसानों को होगा। खंबाटा के मुताबिक उत्तराखण्ड में हल्दी और शहद भी औषधीय गुणों से भरपूर हैं, रसना इस क्षेत्र में काम करना चाहता है। उत्तराखण्ड दिल्ली के करीब है, कनेक्टिविटी सुधर रही है। उत्तराखण्ड में सर्वाधिक संभावना नैचुरल थैरेपी वाली फसलों के क्षेत्र में भी है, अब उद्योग जगत राज्य की इस संभावना को समझने लगा है। फूलों की घाटी में पाया जाता है दमस्क गुलाब : कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि उत्तराखण्ड के चमोली जिले में स्थित फूलों की घाटी, दमस्क नाम के गुलाब के फूलों की विविधता के लिए जाना जाता है। यह गुलाबअनूठी सुगंध प्रदान करता है। आयुर्वेद में इस्तेमाल किया जाता है।






## 30 ट्रिलियन इकोनॉमी का सपना जल्द होगा पूरा

**02 दिवसीय समिट के पहले दिन किया संबोधित**

**संजीव पुरी, प्रबंध निदेशक, आईटीसी**

आईटीसी के प्रबंध निदेशक संजीव पुरी ने देश में पिछले दिनों संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वैश्विक राजनीति और ग्लोबल स्टेट्समेनशिप की सराहना की। वन अनुसंधान संस्थान में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा आयोजित की गई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले दिन शुक्रवार को आईटीसी के प्रबंध निदेशक संजीव पुरी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में की गई कई नीतिगत पहल ने भारत को बहुआयामी चुनौतियों का सामना करने वाली स्थिति में ला दिया है। इस अवधि के दौरान देश की अर्थव्यवस्था में कई क्षेत्रों में बदलाव आए हैं। इसकी कहानी को जीडीपी के आंकड़े खुद बयां करते हैं। पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि विश्व स्तर पर यह दशक और कुछ लोग कह रहे हैं कि यह सदी भारत की है। उनके नेतृत्व में जिस तरह देश विकास के पथ पर दौड़ रहा है, उससे पीएम का 30 ट्रिलियन इकॉनोमी का सपना भी जल्द पूरा हो जाएगा।





"यह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 3.5 लाख करोड़ रुपए के एमओयू के साथ नए उत्तराखण्ड की अनेक संभावनाओं को तराशने की शुरूआत है। उत्तराखण्ड ने प्राकृतिक सौन्दर्य को बिगाड़े बगैर इको फ्रेंडली तरीके से छोटे राज्य को उद्योग जगत से जोड़ने का उदाहरण विश्व के सामने रखा है। उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 से 2 लाख करोड़ रुपए के निवेश आने की संभावना थी। लेकिन, निवेश के लिए 3.5 लाख करोड़ रुपए के एमओयू संपन्न हुए, जो अपेक्षा से बढ़कर हैं। मैं इसके लिए राज्य प्रशासन को बधाई देना चाहता हूं। अब उत्तराखण्ड एक मजबूत राज्य बनेगा। पीएम मोदी और सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड ने अब तक अपनी सबसे अधिक प्रगति की है। उत्तराखण्ड ने 6 वर्षों में 30 से अधिक नीतियां लागू करके नीति-संचालित राज्य का सम्मान अर्जित किया है। यहां आपको अच्छे डेस्टिनेशन के साथ-साथ भ्रष्टाचार मुक्त शासन भी मिलेगा, जो इन्वेस्टमेंट के लिए बहुत जरूरी है। सरकार ने यहां सांस्कृतिक विरासत व विकास के समानांतर कीर्तिमान बनाए हैं। उत्तराखण्ड की उत्कृष्ट कानून व्यवस्था व सुरक्षा ने निवेशकों को अनुकूल वातावरण दिया है। यह समिट देवभूमि के विकास को नई गति देगा।

**अमित शाह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री**

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# धामी कैबिनेट बैठक में फैसला, देहरादून में ही होगा बजट सत्र, सीएम धामी तय करेंगे दिन

**देहरादून ( ब्यूरो )।** राज्य की आबकारी नीति को और भी अधिक पारदर्शी बनाते हुए उत्तराखंड सरकार ने मिलावटी शराब को रोकने, ब्रांड उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा राजस्व बढ़ाने की दृष्टि से उत्तराखण्ड आबकारी नीति विषयक नियमावली 2024 के तहत अहम कदम उठाये हैं । वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के राजस्व लक्ष्य 4000 करोड़ के सापेक्ष 11% की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए 4440 करोड़ का लक्ष्य दिया गया है। इसके साथ ही पर्वतीय क्षेत्र में इनोवेशन और निवेश को प्रोत्साहन के लिए माइक्रो डिस्टिलेशन ईकाई की स्थापना का प्राविधान किया गया है, जिसे सूक्ष्म उद्योगों की श्रेणी में कम से कम क्षेत्रफल में स्थापित किया जा सकेगा जो कि आर्थिक रूप से सक्षम होने के साथ हिमालयी क्षेत्र की पर्यावरणीय मानकों के अनुकूल होने से स्थानीय पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

उत्तराखंड में संचालित आसवानी में उच्च गुणवत्ता की मदिरा निर्माण होने से एक ओर राजस्व में वृद्धि होगी वही राज्य में प्रचुर मात्रा में उगने वाली वनस्पतियों, जड़ी बूटियों का उपयोग होने से स्थानीय किसानों हेतु आय के नए साधन उत्पन्न होगे एवं राज्य में निर्मित मदिरा को विश्वस्तर पर पहचान मिलेगी। राज्य की उच्च गुणवत्तायुक्त जड़ी-बूटियों, फलों, फूलों तथा हिमालय की जलवायु, वातावरणीय शुद्धता के कारण उच्च गुणवत्ता के जल स्त्रोत व अन्य कारकों के कारण विश्वस्तरीय सुगधित मदिरा के मदिरा/मॉल्ट के उत्पादन के हब के रूप में राज्य प्रतिष्ठित हो सकेगा। जिस प्रकार यूरोप में स्कॉटलैंड, इटली आदि विश्वस्तरीय मदिरा के लिए प्रतिष्ठित है उसी प्रकार हिमालयी राज्य उत्तराखण्ड विश्वस्तरीय स्प्रिटामॉल्ट के उत्पादन केंद्र के रूप में अतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो सकेगा। विदेशी मदिरा की भराई (बॉटलिंग) के लिए आबकारी राजस्व एवं निवेश के दृष्टिगत प्रथम बार प्राविधान किए जा रहे है ताकि प्रदेश उपभोक्ता राज्य से उत्पादक एवं निर्यातक राज्य के रूप में स्थापित हो सके। प्रदेश में विदेशी मदिरा के थोक व्यापार को उत्तराखण्ड राज्य के मूल/स्थायी निवासियों के रोजगार के लिए भारत में निर्मित विदेशी मदिरा (IMFL) की आपूर्ति के थोक अनुज्ञापन / व्यापार (स्नरु-2) अनुज्ञापन को उत्तराखण्ड के अर्ह नागरिकों को दिए जाने का प्राविधान किया गया है।




आबकारी राजस्व अर्जन की दृष्टि से प्रथम बार ओवरसीज मदिरा की आपूर्ति के लिये थोक अनुज्ञापन FL-w(O) का प्राविधान किया गया है जिससे कस्टम बॉण्ड से आने वाली ओवरसीज मदिरा के व्यापार को राजस्व हित में नियंत्रित किया जा सकेगा। राज्य की कृषि/बागवानी से जुड़े कृषकों के हित में देशी शराब में स्थानीय फलों यथा कीनू, माल्टा, काफल, सेब, नाशपाती,तिमूर, आडू आदि का समावेश किया जाना अनुमन्य किया गया है। मदिरा दुकानों का व्यवस्थापन नवीनीकरण, दो चरणों की लॉटरी, प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धात पर पारदर्शी एवं अधिकतम राजस्व अर्जन की दृष्टि से किया जाएगा। नवीनीकरण उन्ही अनुज्ञापियों का किया जाएगा जिनकी समस्त व्यपगत देयताए बेबाक हों और प्रतिभूतियाँ सुरक्षित हों। आवेदक को आवेदन पत्र के साथ दो वर्ष का ढ्ढञ्जक्रदाखिल करना अनिवार्य होगा। एक आवेदक सम्पूर्ण प्रदेश में अधिकतम तीन मदिरा दुकानें आवंटित की जा सकेंगी। प्रदेश के समस्त जनपदों में संचालित मदिरा दुकान के सापेक्ष उप दुकान खोले जाने की अनुमति राजस्व हित दी जा सकेगी। देशी मदिरा दुकानों में 36 प्रतिशत 1/1 तीव्रता की मसालेदार शराब या 25 प्रतिशत 1/1 तीव्रता की मसालेदार एवं सादा मदिरा एवं विशेष श्रेणी की मेट्रो मदिरा की आपूर्ति के प्राविधान किए गए हैं। विदेशी / देशी मदिरा के कोटे का अनतरण कोटे के अधिभार के 10त्न तक अनुमन्य होगा। विदेशी मदिरा में न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी का निर्धारण कर मदिरा ब्राण्डो का मूल्य विगत वर्षों की भाँति निर्धारित किया गया है, जिससे आबकारी राजस्व सुरक्षित रहे और उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर मदिरा उपलब्ध हो सके। प्रदेश में पर्यटन प्रोत्साहन एवं स्थानीय रोजगार की दृष्टि से पर्वतीय तहसील एवं जनपदो में मॉल्स डिपार्टमेन्टल स्टोर में मदिरा बिक्री का अनुज्ञापन शुल्क ?5 लाख (पाँच लाख)/ दुकान का न्यूनतम क्षेत्रफल 400 वर्गफुट का प्रविधान किया है। विगत वर्ष से भिन्न स्टार कैटेगरी के अनुसार बार अनुज्ञापन शुल्क निर्धारित किया गया है, इसी प्रकार पर्यटन की दृष्टि से सीजनल बार अनुज्ञापन शुल्क का प्रावधान किया गया है।परपरागत रूप से अवैध कच्ची शराब के उत्पादन क्षेत्रों में लगातार प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करने तथा ऐसे क्षेत्रों में वैध मदिरा के विक्रय को प्रोत्साहन करने हेतु उप दुकान का प्राविधान किया गया है।

# छह साल से फरार गबन का आरोपी केरल से गिरफ्तार

उत्तरकाशी। एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने छह साल से फरार गबन के आरोपी को केरल से गिरफ्तार किया है। वर्ष 2018 में आरोपी ने उत्तरकाशी नगर पालिका से कूड़ा निस्तारण के काम के नाम पर 3 लाख रुपये की अग्रिम धनराशि ली थी और फरार हो गया था। मामले में पालिका के अधिशासी अभियंता ने संबंधित के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करवाया था।

एसपी अर्पण यदुवंशी के निर्देश पर उत्तरकाशी पुलिस आगामी लोकसभा चुनाव के मध्येनजर फरार, वांछित आरोपियों की धर पकड़ की जा रही है। इसी क्रम में सरकारी धन के गबन व धोखाधड़ी के मामले में फरार वारंटी केएम संजीव की गिरफ्तारी के लिए एसओजी के प्रभारी प्रकाश राणा के नेतृत्व में टीम ने छानबीन की तो आरोपी की लोकेशन केरल में मिली। केरल में उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी और गत रविवार को आरोपी केएम संजीव को मेनाकाठ हाउस पनमन्ना साउथ पोस्ट ऑट्टापलम पलक्कड़ से गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

## SP उत्तरकाशी ने किया कोतवाली मनेरी का वार्षिक निरीक्षण, लम्बित विवेचनाओं व शिकायतों के निस्तारण के दिये निर्देश

**उत्तरकाशी ( संवाददाता )।** पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्री अर्पण यदुवंशी द्वारा आज 12.02.2024 को कोतवाली मनेरी का वार्षिक निरीक्षण कर जायजा लिया गया, गार्द का मान प्रणाम ग्रहण कर उनके द्वारा गार्द मे नियुक्त जवानो का टर्न आउट एवं अनुशासन चैक किया गया, तदोपरान्त उनके द्वारा कोतवाली परिसर की साफ-सफाई व अभिलेखों के रख-रखाव का जायजा लिया गया, कोतवाली पर पत्रावलियों व रजिस्ट्रों का गहनता से अवलोकन कर लम्बित विवेचना, शिकायती प्रार्थना पत्रों, व अहकामातों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा पुलिस जवानों की शस्त्र कवायद भी चैक की गयी, आपदा उपकरणों का निरीक्षण करते हुये उपकरणों को 24 घण्टे तैयारी की स्थिति मे रखने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के पश्चात पुलिस जवानो का सम्मेलन लेकर उनके द्वारा जवानों की समस्याओं को सुना गया।

आगामी लोकसभा चुनाव के मध्यनजर उनके द्वारा सभी को अलर्ट रहने व संदिग्ध व्यक्ति/गतिविधियों की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिये गये। पारदर्शी एवं शान्ति पूर्ण चुनाव हेतु पुलिस नाकों व रात्रि गश्तों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिये गये। कोतवाली क्षेत्र में निवासरत शस्त्र लाइसेंसधारियों के सत्यापन के साथ-साथ निरोधात्मक कार्यवाहियों को बढाने के निर्देश दिये गये।

# श्रीमहंत रामेश्वर पुरी के ब्रह्मलीन होने पर संत समाज में शोक की लहर

### विद्वान संत थे ब्रह्मलीन श्रीमहंत रामेश्वर पुरी-श्रीमहंत रविंद्रपुरी

हरिद्वार,संवाददाता। मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष व निरंजनी अखाड़े के पूर्व सचिव श्रीमहंत रामेश्वर पुरी के ब्रह्मलीन होने पर संत समाज में शोक की लहर दौड़ गयी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने बताया कि काफी समय से अस्वस्थ चल रहे श्रीमहंत रामेश्वर पुरी मंगलवार की सवेरे दिल्ली में ब्रह्मलीन हो गए।

उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन श्रीमहंत रामेश्वर पुरी विद्वान संत थे। मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट और निरंजनी अखाड़े की प्रगति में उनका अहम योगदान रहा। उनके ब्रह्मलीन होने से अखाड़े और संत समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करे। उन्होंने कहा कि संत महापुरूष केवल शरीर त्यागते हैं। उनकी आत्मा सदैव समाज का मार्गदर्शन करती है। सभी को श्रीमहंत रामेश्वर पुरी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए मानव कल्याण में योगदान का संकल्प लेना चाहिए। महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन श्रीमहंत रामेश्वर पुरी संत समाज के प्रेरणा स्त्रोत थे। सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। मां गंगा उन्हें मोक्ष प्रदान करे। महंत राघवेंद्र दास महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन श्रीमहंत रामेश्वर पुरी महाराज दिव्य संत थे।

उन्होंनें जीवन पर्यन्त समाज को ज्ञान की प्रेरणा देकर धर्म व अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर करने के साथ मानव कल्याण में अहम भूमिका निभायी। निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी महाराज ने कहा कि जीवन पर्यन्त संत परंपरांओं का पालन करते हुए सनातन परंपराओं के संरक्षण संवर्द्धन में योगदान करने वाले धर्म संस्कृति के महान विद्वान श्रीमहंत रामेश्वर पुरी महाराज का अचानक ब्रह्मलीन होना सनातन जगत के लिए बड़ी क्षति है। जिसे कभी पूरा नहीं किया जा सकेगा। भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी, अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरी, श्रीमहंत प्रेम गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश, महंत राघवेंद्र दास, महंत रामरतन गिरी, मुखिया महंत भगतराम, महंत दर्शन भारती, स्वामी शिवानन्द भारती, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी गंगा गिरी, स्वामी ऋषि रामकृष्ण, स्वामी आदि योगी, स्वामी रवि पुरी, महंत गोविंदपुरी, महंत केशवानंद, स्वामी बिपनानंद, स्वामी नागेंद्र महाराज, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास सहित सभी तेरह अखाड़ों के संतों व एसएमजेएन कालेज के प्राचार्य डा.सुनील कुमार बत्रा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# 40 लाख की स्मैक सहित दो गिरफ्तार

**हरिद्वार,( संवाददाता )।** पुलिस और एसटीएफ ने सयुंक्त कार्यवाही में बरेली से लाई जा रही 40 लाख की स्मैक सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना खानपुर व एसटीएफ टीम को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की डिलीवरी हेतु आने वाले हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस व एसटीएफ टीम ने क्षेत्र में संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान संयुक्त टीम को बालावाली पोस्ट खानपुर के समीप दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। टीम द्वारा जब उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो वह सकपका कर भागने लगे। इस पर उन्हें घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 400 ग्राम इसमें बरामद हुई। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आजम पुत्र नूर हसन निवासी पथरी व अशरफ पुत्र मुनफेत निवासी पथरी बताया। बताया कि वह बरामद स्मैक बरेली से लाए थे। जिसे उन्होंने कासमपुर पथरी क्षेत्र के फिरोज को देना था। बहरहाल पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब मामले में फिरोज की तलाश में जुटी हुई है। बरामद स्मैक की कीमत 40 लख रुपए बताई जा रही है।

स्वामी,मुद्रक व प्रकाशक अवनीश कुमार द्वारा भगवती प्रिंटर्स,इण्डस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार से छपवाकर ग्रा. बसवाखेड़ी पो. मंगलौर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड़) से प्रकाशित किया।
**सम्पादकः अवनीश कुमार, मो0 9410553400**
ई-मेलः liveskgnews@gmail.com
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरिद्वार न्यायालय में ही होगा)
सभी लेखों में सम्पादक की सहमति जरूरी नही है।